पत्र संख्या-स्था-5(ख)-पदो0वरिष्ठ सहायक-2020-21// 3830 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ // दिनांक // 12 जनवरी, 2021

**ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) वाणिज्य कर,**
**गाजियाबाद-ए, नोएडा, अलीगढ़, गोरखपुर, अयोध्या, आगरा,**
**बांदा, बिजनौर, इटावा, मैनपुरी, मथुरा, मुजफ्फरनगर।**

कृपया अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या-2493 दिनांक 23-10-2020 एवं अनुस्मारक पत्र संख्या-3248 दिनांक 09-12-2020 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु आपके सम्भाग के अन्तर्गत दिनांक 01-07-2015 तक नियुक्त कनिष्ठ सहायकों की वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु निर्धारित प्रारुप में सूचना एवं अद्यावधिक प्रविष्टियों सहित मूल चरित्र पंजिकाएँ उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त पत्र दिनांक 23-10-2020 में दिये गये निर्देशों एवं अनुस्मारक पत्र दिनांक 09-12-2020 भेजे जाने के बावजूद अभी तक निम्नलिखित 18 कनिष्ठ सहायकों के सम्बन्ध में वांछित सूचनायें / वार्षिक प्रविष्टियाँ मुख्यालय पर उपलब्ध नहीं करायी गयी हैं, जिसके कारण चयन वर्ष 2020-21 की रिक्तियों के सापेक्ष वरिष्ठ सहायक के पदों पर नियमानुसार पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण नहीं करायी जा पा रही है :-

**गाजियाबाद सम्भाग**

श्री ओमदत्त त्यागी, कनिष्ठ सहायक की वर्ष 2015-16 (01-04-15 से 31-07-15) व वर्ष 2019-20 की वार्षिक प्रविष्टियाँ अभी तक अप्राप्त हैं।

**नोएडा सम्भाग**

श्रीमती अंजना पाल, कनिष्ठ सहायक को सम्भागीय अधिकारी नोएडा (ए) के आदेश संख्या-2087 दिनांक 16-12-2010 द्वारा निलम्बित करते हुए विभागीय जॉच कार्यवाही संस्थित की गयी है। प्रकरण में 10 वर्ष से अधिक समय तक कर्मचारी के विरुद्ध संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही में नियुक्ति प्राधिकारी के स्तर से निर्णय न लिया जाना उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 में निहित प्राविधानों का उल्लंघन है। अत: प्रकरण में जॉच कार्यवाही के निस्तारण की अद्यतन स्थिति की सूचना तथा अप्रत्याशित विलम्ब के सम्बन्ध में स्पष्ट आख्या भिजवाया जाना अपेक्षित है।

**अलीगढ़ सम्भाग**

1- श्री श्यामवीर सिंह, कनिष्ठ सहायक के विरुद्ध आदेश दिनांक 06-11-2006 द्वारा संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही एवं माननीय न्यायालय में चल रहे ट्रेप केस की अद्यतन स्थिति की सूचना अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या-4360 दिनांक 11-12-2019 तथा अन्तिम् अनुस्मारक पत्र संख्या-3248 दिनांक 09-12-2020 के क्रम में अभी तक अप्राप्त है।

2- श्री संजय यादव, कनिष्ठ सहायक की वर्ष 2012-13 (23-05-12 से 31-08-12), वर्ष 2013-14 से 2016-17 (01-04-16 से 13-10-16) व वर्ष 2018-19 से वर्ष 2019-20 तक की वार्षिक प्रविष्टियाँ अभी तक अप्राप्त हैं। इसके अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या-4360 दिनांक 11-12-2019 तथा अन्तिम् अनुस्मारक पत्र संख्या-3248 दिनांक 09-12-2020 द्वारा वांछित प्रतिकूल कार्यवाही की सूचना भी अभी तक अप्राप्त है।

3- श्रीमती अरुणा, कनिष्ठ सहायक की फर्जी प्रविष्टि चरित्र पंजिका में चस्पा कराये जाने के मामले में उनकी संलिप्तता के बिन्दु पर नियुक्ति प्राधिकारी के स्तर से कार्यवाही किये जाने हेतु मुख्यालय के पत्र संख्या-4733 दि0 02-01-20 एवं अन्तिम् अनुस्मारक पत्र सं0- 3405 दि0 16-12-20 द्वारा निर्देशित किये जाने के बावजूद कृत कार्यवाही की वॉछित सूचना अभी तक अप्राप्त है।

4- श्री जावेद इकबाल, कनिष्ठ सहायक की वर्ष 2012-13 से वर्ष 2015-16 (01-04-15 से 10-08-15) की वार्षिक प्रविष्टियाँ अभी तक अप्राप्त हैं। इसके अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) अलीगढ़ के पत्रांक-1348 दिनांक 02-01-2021 द्वारा कर्मचारी की दिनांक 01-01-06 से 30-04-06 तक, दिनांक 08-07-06 से 30-04-07 तक, दिनांक 01-10-08 से 28-02-09 तक तथा दिनांक 01-11-13 से 31-03-14 तक की सेवायें असत्यापित होने की सूचना प्रेषित की गयी है, किन्तु इस अवधि की सेवा किन कारणों से अभी तक सत्यापित नहीं की जा सकी, के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट नहीं की गयी है। अत: सेवा सत्यापन के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति की सूचना तथा अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक-4360 दिनांक 11-12-2019 एवं अन्तिम् अनुस्मारक पत्रांक-3248 दिनांक 09-12-2020 द्वारा वांछित प्रतिकूल कार्यवाही की सूचना भी अभी तक अप्राप्त है।

**<u>गोरखपुर सम्भाग</u>**

1- श्री रामकृष्ण तिवारी, कनिष्ठ सहायक की वर्ष 2012-13 (03-08-12 से 31-03-13) से वर्ष 2015-16 (01-04-15 से 30-08-15) व वर्ष 2017-18 (05-07-17 से 03-10-17) की वार्षिक प्रविष्टियाँ अभी तक अप्राप्त हैं।

2- श्री मूल चन्द, कनिष्ठ सहायक की वर्ष 2018-19 तथा 2019-20 (01-04-19 से 08-07-19) की वार्षिक प्रविष्टियों की मूलप्रति अभी तक अप्राप्त है। इसके अतिरिक्त कर्मचारी के विरुद्ध आदेश संख्या-735 दि0 26-06-2007 द्वारा दी गयी अभियोजन की स्वीकृति के मामले में चल रही कार्यवाही की अद्यतन स्थिति की सूचना भी अप्राप्त है।

3- श्री राजेश कुमार, कनिष्ठ सहायक की वर्ष 2011-12 (20-10-11 से 31-03-12) व वर्ष 2019-20 (13-07-19 से 31-03-20) की वार्षिक प्रविष्टि की मूलप्रति अभी तक अप्राप्त है। इसके अतिरिक्त कर्मचारी के विरुद्ध आदेश संख्या-735 दि0 26-06-2007 द्वारा दी गयी अभियोजन की स्वीकृति के मामले में चल रही कार्यवाही की अद्यतन स्थिति की सूचना भी अप्राप्त है।

**<u>अयोध्या सम्भाग</u>**

श्री सिया राम, कनिष्ठ सहायक, अमेठी की वर्ष 2010-11 (01-04-2010 से 27-12-2010) की वार्षिक प्रविष्टि अभी तक अप्राप्त है। इसके अतिरिक्त कर्मचारी की वर्ष 2010-11 (28-12-2010 से 31-03-2011), 2011-12, 2012-13 तथा 2013-14 (01-04-13 से 11-11-2013) की वार्षिक प्रविष्टियाँ

अवधि मानने अथवा न मानने के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं किये गये हैं। कर्मचारी की वर्ष 2017-18 से वर्ष 2019-20 तक की वार्षिक प्रविष्टियाँ भी अभी तक अप्राप्त हैं।

**<u>मैनपुरी सम्भाग</u>**

श्री राजेन्द्र प्रसाद अवस्थी, कनिष्ठ सहायक की वर्ष 2010-11 (01-04-10 से 30-06-10), वर्ष 2018-19 (13-10-18 से 31-03-19) व वर्ष 2019-20 की वार्षिक प्रविष्टि अभी तक अप्राप्त हैं। इसके अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या-4360 दिनांक 11-12-2019 तथा अन्तिम् अनुस्मारक पत्र संख्या-3248 दिनांक 09-12-2020 द्वारा वांछित प्रतिकूल कार्यवाही की सूचना भी अभी तक अप्राप्त है। कर्मचारी के विरुद्ध आदेश दिनांक 13-06-2012 द्वारा प्रदत्त दण्ड के विरुद्ध माननीय राज्य लोक सेवा अधिकरण में योजित याचिका संख्या-सी0पी0एन0-533/2017 की अद्यतन स्थिति भी अप्राप्त है।

**<u>मथुरा सम्भाग</u>**

श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा, कनिष्ठ सहायक की वर्ष 2016-17 (21-08-16 से 31-03-17) एवं वर्ष 2017-18 (01-04-17 से 13-07-17) की वार्षिक प्रविष्टियाँ अभी तक अप्राप्त हैं तथा दिनांक 12-08-2015 से 25-06-2017 तक की अनुपस्थिति अवधि का वेतन / सेवा सत्यापन की सूचना अभी तक उपलब्ध नहीं करायी गयी है। इसके अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या-4360 दिनांक 11-12-2019 तथा अन्तिम् अनुस्मारक पत्र संख्या-3248 दिनांक 09-12-2020 द्वारा वांछित प्रतिकूल कार्यवाही की सूचना भी अभी तक अप्राप्त है।

**<u>मुजफ्फरनगर सम्भाग</u>**

अमित कुमार, कनिष्ठ सहायक की वर्ष 2013-14 (13-08-13 से 31-03-14) तथा वर्ष 2016-17 (01-04-16 से 30-09-16) की वार्षिक प्रविष्टियाँ अप्राप्त है। इस सम्बन्ध में डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर, मुजफ्फरनगर के पत्रांक-525 दिनांक 16-10-2020 द्वारा प्रेषित आख्या नियमसंगत नहीं है क्योंकि इस अवधि की वार्षिक प्रविष्टियाँ कर्मचारी के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा किन परिस्थितियों में अंकित नहीं की गयी, के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट नहीं की गयी है। अतः प्रश्नगत वाँछित वार्षिक प्रविष्टियाँ तत्काल भिजवाया जाना अपेक्षित है।

अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या-3440 दिनांक 18-12-2020 जिसकी प्रति जोनल एडीशनल कमिश्नर को सम्बोधित करते हुए आपको भी पृष्ठांकित की गयी है, के द्वारा मुख्यालय स्तर से वाँछित सूचनायें बिना किसी अनुस्मारक की प्रतीक्षा किये सम्बन्धित अभिलेखों का परीक्षण कराकर प्राथमिकता के आधार पर मुख्यालय को भिजवाये जाने के निर्देशों का जोन स्तर पर कड़ाई से अनुपालन कराये जाने के निर्देश दिये जाने के बावजूद उपरोक्त कार्मिकों के सम्बन्ध में वाँछित सूचनायें अभी तक मुख्यालय को उपलब्ध न कराया जाना अधीनस्थ कार्यालयों के स्तर पर बरती जा रही लापरवाही परिलक्षित करती है। इसके अतिरिक्त अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा संघ के पदाधिकारियों के साथ दिनांक 18-03-2020 को सम्पन्न बैठक में भी निर्देश दिये गये थे कि कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि अंकित किये जाने में सम्बन्धित अधिकारियों की 'वर्कडन' के साथ इसका प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाये। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या-3464 दिनांक 21-12-2020 द्वारा ऐसे नियन्त्रक अधिकारियों जिनके द्वारा वर्ष 2019-20 की वार्षिक प्रविष्टि अभी तक अंकित नहीं की गयी है,

की सत्यनिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह भी लगा दिये जाने के बावजूद उपरोक्तानुसार अनेकों कार्मिकों की वर्ष 2019-20 की वार्षिक प्रविष्टि अंकित न किया जाना उच्चाधिकारियों के निर्देशों की घोर अवहेलना का द्योतक है।

अत: निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त अंकित कनिष्ठ सहायकों के सम्बन्ध में वॉछित सूचनायें / वार्षिक प्रविष्टियॉ प्रत्येक दशा में दिनांक 22-01-2021 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक // उक्त।**

**प्रतिलिपि :-**

1- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 वाणिज्य कर, गाजियाबाद-प्रथम, नोएडा, अलीगढ़, गोरखपुर, अयोध्या, आगरा, झॉसी, मुरादाबाद, सहारनपुर, इटावा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त वॉछित सूचनाएँ मुख्यालय पर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराये जाने हेतु कृपया सम्बन्धित अधिकारियों को अपने स्तर से भी निर्देशित करने के साथ-2 मुख्यालय स्तर से वॉछित सूचनायें निर्धारित समयावधि में भिजवाये जाने हेतु जारी किये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन भी कराये जाने का कष्ट करें।

2- ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर, राजपत्रित अनुभाग, मुख्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ।

3- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

12/01/2020

(पी0एन0यादव)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0अरा0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

(17)

पत्र संख्या –स्था0अराज0 / ई0आई0एम0एस / 2020–21 / / 3770 / / वाणिज्य कर
कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ::दिनांकः 07 जनवरी,2021

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

.............................................................

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या 2819 दिनांक 19.11.2020 एवं पत्र संख्या 2636 दिनांक 05.11.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की सूचना ई0आई0एम0एस0 पर अपडेट करते हुये, जोन स्तर से सूचना संकलित करतें हुये मुख्यालय प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गई थी।

उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कई माह व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी कतिपय जोन द्वारा ही सूचना संकलित कर मुख्यालय प्रेषित की गई है। ई0आई0एम0एस0 के अपडेशन का कार्य कमिश्नर महोदया के निर्देशों में किया जा रहा है। जोनवार ई0आई0एम0एस0 अपडेशन की प्रगति की सूचना की स्थिति कमिश्नर महोदया के समक्ष प्रस्तुत की जानी है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 18.10.2021 तक अपने अधीनस्थ कार्यालयों की सूचना संकलित कर मुख्यालय प्रेषित करे ताकि कमिश्नर महोदया के समक्ष जोनवार स्थिति प्रस्तुत की जा सकें।

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर ,वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ।
2. डिप्टी कमिश्नर (आई०टी०) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करेन हेतु प्रेषित।

07/01/2021
(पी०एन०यादव)
ज्वाइण्ट कमिश्नर(स्था०अराज०)वाणिज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।